कार्यालय कुलसचिव
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर–208002

संख्याः 172 /अदम/जीए/2026

दिनांकः मई 16, 2026

कार्यालय ज्ञाप

मा0 प्रधानमंत्री के संदेश पर ऊर्जा बचत के दृष्टिगत दिनांक 15/05/2026 को सम्पन्न अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्षों की बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में अग्रिम आदेशों तक के लिए विश्वविद्यालय में सोमवार से शुक्रवार तक 05 दिवसीय सप्ताह घोषित किये जाने पर सक्षम स्तर द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। उक्त 05 दिवसीय सप्ताह में प्रातः 9.00 बजे से सांय 6.00 बजे तक कक्षाएं एवं कार्यालय खुलने का समय निर्धारित किया गया है तथा अपरान्ह 01.30 बजे से 2.00 बजे तक मध्यावकाश रहेगा।

सप्ताह में शनिवार एवं रविवार को अवकाश रहेगा। वर्तमान में विश्वविद्यालय में चल रहीं परीक्षाएं यथावत् पूर्व निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार चलती रहेंगी। उक्त व्यवस्था तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक के लिए विश्वविद्यालय में लागू रहेगी।

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नोक्त के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1 विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2 समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्याक्ष/अनुभाग प्रभारी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3 प्रभारी आई0टी0सेल को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु।
4 कुलसचिव/सुरक्षा अधिकारी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5 वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
6 समस्त छात्रावास अभिरक्षक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner